# कार्यालय पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट, वाराणसी।

## प्रेस नोट

**दिनांक- 12.05.2025**

**विषयः- शादी का झांसा देकर नाबालिक लड़की को ले जाने वाले वांछित अभियुक्त को थाना रामनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा अपहृता की सकुशल बरामदगी की गई।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में थाना रामनगर में पंजीकृत मु0अ0सं0-0064/2025 धारा 87/137(2) बी0एन0एस0 की अपहृता की बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सीडीआर के विश्लेषण व लोकेशन के आधार पर 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बरामद कर म0का0 पिंकी की सुपुर्दगी में व आरोपी परमालिक निषाद उर्फ किशन साहनी पुत्र संदेश निषाद निवासी नारी थाना तेजीबाजार तहसील सदर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना स्थानीय से अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान** - दिनांक 12/05/2025 समय 13.50 बजे, रामनगर

**घटना का विवरणः-** दिनांक 03/04/2025 को वादिनी मुकदमा ने लिखित सूचना दिया कि मेरी नाबालिग पुत्री उम्र 17 वर्ष दिनांक 14/03/2025 को दोपहर 02.00 बजे घर से बिना बताये चली गयी जो वापस नही आयी, के सम्बन्ध में वादिनी मुकदमा द्वारा दिये गये लिखित तहरीर के आधार पर थाना रामनगर पर मु0अ0सं0-0064/2025 धारा 87/137(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया।

**विवरण पूछताछः-** परमालिक निषाद उर्फ किशन साहनी पुत्र संदेश निषाद निवासी नारी थाना तेजीबाजार तहसील सदर जनपद जौनपुर पूछताछ पर बता रहा है कि मैं वादिनी मुकदमा की 17 वर्षीय लड़की से प्यार करता था हम दोनों घर से भागकर शादी कर लिये। साहब मैं अपने किये काम से शर्मिंदा हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** परमालिक निषाद उर्फ किशन साहनी पुत्र संदेश निषाद निवासी नारी थाना तेजीबाजार तहसील सदर जनपद जौनपुर उम्र 20 वर्ष।

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -

1. प्र0नि0 राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री शिवम सोनी रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 श्री अमित शर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 प्रशान्त तिवारी सर्विलांस सेल कमिश्नरेट वाराणसी।
5. म0का0 पिंकी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
काशी जोन कमिश्नरेट वाराणसी